
केंद्र से 100 रुपये चलते थे तो 85 रूपये कांग्रेस के दलाल खा जाते थे- मुख्यमंत्री

योगी ने राजीव गांधी के बयान को कोड कर कांग्रेस पर बोला हमला

लखनऊ। कांग्रेस के राज में विकास के नाम पर भेजा जाने वाला



पैसा कांग्रेस के दलाल ही खा जाते थे। यह बात आज उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के पहले दिन समापन भाषण में कही। उन्होंने कहा बीजेपी की असली पहचान उसकी विचारधारा है, उसके आदर्श है, मूल्य है। इसी विचारधारा के चलते कार्यकर्ता आज ग्राउंड जीरो पर काम कर रहा है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का कहना था कि 100 भेजता हूं तो वह घिस-घिस कर सिर्फ 15 रुपया ही नीचे तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि उस समय यह विकास का 85 प्रतिशत धन कांग्रेस के दलाल मध्य में खो जाते थे। योगी यहीं पर नहीं रुके उन्होंने कहा कांग्रेस को गरीबों से कोई मतलब नहीं था, गरीबी हटाओ केवल एक नारा था श्रीमती इंदिरा गांधी जिंदगी भर गरीबी हटाती गई लेकिन गरीबी नहीं हटी गरीब बढ़ते गये। उन्होंने कहा आज भारत एक सुरक्षित दुनिया के अंदर तेजी के साथ बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया की टॉप फाइव इकोनॉमी बन चुका है। आज भारत के अंदर 12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय पर 10 करोड़ गरीबों के घर में उज्वला योजन 4 करोड़ गरीबों के सर को ढकने के लिए प्रधानमंत्री आवास बन गए 54 करोड़ गरीबों के घर में आयुष्मान का कार्ड पहुंच गया 55 करोड़ गरीबों के घर में जनधन अकाउंट खुल गए 80 करोड़ गरीब भारत के अंदर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हमने केवल चुनावी घोषणा पत्र नहीं बनाया था हमने अंत:करण से श्रद्धा भाव के साथ महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम अयोध्या धाम का रखा है क्योंकि हम पर राम को पहुंचने वाले कोई है बामी की है उनके नाम पर अयोध्या का एयरपोर्ट हो जिससे अयोध्या वासी भी और दुनिया वैसी भी अयोध्या के साथ जुड़ सके और अयोध्यावासी दुनिया के साथ जुड़ सके। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 2027 में पूरा हो रहा है, इसलिए अगले चुनाव को लेकर भाजपा अपनी रणनीति बुन चुकी है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हमारे सामने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करने का लक्ष्य है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी सहित पूरा विपक्ष अपना वजूद बचाने की लड़ाई लड़ रहा है, इसलिए वह तरह.तरह का प्रोपेगंडा फैलाकर झूठा प्रचार कर रहा है। इस झूठ का पर्दाफाश करना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उत्तर प्रदेश का पिछले लगभग 75 वर्षों का चुनावी इतिहास बताता है कि राजनीतिक समीकरण लंबे वर्चस्व पर नहीं टिकते, बल्कि आम जनता के दिलों में रहने से बनते हैं, और भाजपा प्रदेश में इसी समीकरण को आगे लेकर बढ़ी है।

बारिश से प्रभावित लोगों की मदद कर दिलाएं राहत- मुख्यमंत्री

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हुई बारिश के कारण प्रभावित लोगों को राहत दिलाने का निर्देश किया। फसलों के नुकसान के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इसका आकलन कर किसानों को हरसंभव मदद दें। हर विपरीत परिस्थितियों में सरकार अन्नदाता के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने यूपी में हो रही बारिश से प्रभावितों को तत्काल राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिवृष्टि से हुई आर्थिक हानि, पशुहानि और जिनके घर गिरे, उन्हें तत्काल अनुमन्य मुआवजा उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि फसल बर्बादी का तत्काल आकलन कर किसानों को यथाशीघ्र मुआवजा दें। घर गिरने से बेघर हुए लोगों को राहत केंद्र और शरणालय केंद्र पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में रहकर प्रभावित परिवारों से संवाद करने के साथ ही प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। वहीं विपरीत मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि अकारण बच्चों को घर से न निकलने दें। जीर्णशीर्ण मकान, पेड़, टीन, बिजली के खंभों आदि के पास न खड़े हों, बल्कि सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।

सीएम योगी ने पूर्व सांसद आर.के. सिन्हा के निधन पर शोक जताया

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आर.के. सिन्हा तथा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और संगठन के प्रति श्री सिन्हा का अमूल्य योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। प्रभु श्रीराम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति दें। भारतीय जनता पार्टी और जनसंघ के शुरुआती दौर के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे श्री सिन्हा ने शुक्रवार 30 अक्टूबर को 75 वर्ष की आयु में अपने नोएडा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के बेहद करीबी माने जाते थे। वह साल 2014 से 2020 तक बिहार से राज्यसभा सदस्य रहे।

आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता-केशव

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के



9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 24वीं किस्त के रूप में 18,690 करोड़ से अधिक की धनराशि हस्तांतरित किए जाने पर प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दीपावली से पूर्व देश के करोड़ों अन्नदाताओं के खातों में सम्मान निधि की धनराशि पहुंचना किसानों के लिए खुशियों और आर्थिक संबल का उपहार है। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि देश के अन्नदाताओं के प्रति प्रधानमंत्री जी की संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और उनके सम्मान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों को देश की अर्थव्यवस्था और विकास की धुरी मानते हुए उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी ऐतिहासिक ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उनके और आत्मविश्वास को भी नई ऊर्जा प्रदान की है। सीधे किसानों के बैंक खातों में धनराशि हस्तांतरित होने से बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है और पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों तक सहायता पहुंच रही है। यह सुशासन और तकनीक के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। किसान दिन-रात परिश्रम करके देशवासियों के लिए अन्न का उत्पादन करता है।किसानों की आय बढ़ाना, खेती की लागत कम करना, कृषि को लाभकारी बनाना, सिंचाई एवं कृषि सुविधाओं का विस्तार करना और किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश का अन्नदाता समृद्ध, आत्मनिर्भर और खुशहाल बने। डबल इंजन की सरकार किसानों के हितों को केंद्र में रखकर योजनाओं को धरातल पर उतार रही है।

धनतेरस पर प्रदेश की सभी मंडियों में मनेगा दीपोत्सव

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार किसान कल्याण, स्वच्छता और मंडियों में बेहतर व्यापारिक वातावरण विकसित करने की दिशा में जनभागीदारी को बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में मंडी परिषद द्वारा संचालित 'स्वच्छ मंडी-शुभ मंडी अभियान' के अंतर्गत 6 नवंबर 2026 को धनतेरस के अवसर पर प्रदेश की सभी मंडी समितियों में दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस पहल के जरिए मंडियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, किसानों एवं व्यापारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। मंडी परिषद के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभी मंडी समितियों को आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, किसानों, व्यापारियों तथा मंडी समितियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसका उद्देश्य मंडियों को केवल कृषि उपज के क्रय-विक्रय का केंद्र न रखकर स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सकारात्मक कार्यस्थल के रूप में विकसित करना तथा स्वच्छता को वर्षभर की कार्यसंस्कृति बनाना है। निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी अधिकाधिक लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए दीपोत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। मंडी परिषद की मुख्यमंत्री कृषक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से धनराशि के चेक अथवा प्रारूप चेक वितरित कराए जाएंगे। इससे योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और किसानों को उपलब्ध कल्याणकारी सुविधाओं की जानकारी देने में मदद मिलेगी।

भाजपा कार्यसमिति की बैठक में मोदी, योगी नेतृत्व की तारीफ

केशव मौर्या ने रखा प्रस्ताव, बृजेश पाठक ने किया अनुमोदन

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को शुरू हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के दूसरे सत्र में कुल 16 प्रस्ताव पास किये गए। इन प्रस्तावों में सरकार की कार्यशैली और योजनाओं का जिक्र शामिल है। कार्यसमिति के दूसरे सत्र में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया। इस दौरान मंच पर पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री अनुपमा जायसवाल भी मौजूद थी। प्रस्ताव में कहा गया है कि प्रदेश की यह कार्यसमिति प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण करने पर अपने जननेता के प्रति हार्दिक अभिनंदन एवं सम्मान व्यक्त करती है। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बनने से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में, अपने सार्वजनिक जीवन की उनकी यात्रा राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्वर्णिम अध्याय है। उत्तर प्रदेश में 2014 से परिवर्तन की बयार आरंभ हुई। 2017 में भाजपा को सरकार बनने के साथ ही प्रदेश बदलाव की राह पर कई कदम आगे बढ़ा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में 2022 में दूसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। 2022 में सपा, बसपा, कांग्रेस जैसे दलों को उत्तर प्रदेश की जनता ने नकार दिया और अब 2027 में प्रदेश की जनता तीसरी बार भाजपा को अभूतपूर्व जनादेश देने जा रही है। 2017 और उसके बाद 2022 में आमजन की आकांक्षाओं के अनुरूप प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही व्यापक परिवर्तन होने लगा। जब भाजपा की सरकार बनी तब 12.88 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश मिला था, जिसे सरकार ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल में लगभग 32 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचा दिया है। 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का हमारी सरकार का लक्ष्य है।



पास हुए मुख्य प्रस्तावः

बुनियादी ढाँचे में निवेश से विकास

प्रस्ताव में कहा गया है कि कभी उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य कहा जाता था, जिसके पीछे कमजोर इंफ्रास्ट्रक्चर और बदहाल कानून व्यवस्था एक बड़ा कारण था। सड़कों की खस्ता हालत, अधूरी परियोजनाएँ और कनेक्टिविटी की कमी ने औद्योगिक विकास की राह में रोड़ा अटका रखा था। उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने इस मोर्चे पर आक्रामक रणनीति अपनाई, एक्सप्रेस.वे का जाल बिछाया और प्रदेश का नक्शा बदल दिया। पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस.वे और गंगा एक्सप्रेस.वे ने आवागमन को न सिर्फसुगम बनाया, बल्कि औद्योगिक क्लस्टरों के विकास का मार्ग भी प्रशस्त किया। हवाई अड्डों के विस्तार और नए एयरपोर्ट की योजनाओं ने प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है।

नई पहचान की ओर प्रदेश

कानून-व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार का सीधा असर निवेश पर पड़ा। सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित किया। रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, डेटा सेंटर, फार्मा और फूड प्रोसेसिंग में 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है और 7.5 लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग शीघ्र प्रस्तावित है। डिफेंस कॉरिडोर ने प्रदेश को सामरिक और औद्योगिक दृष्टि से नई पहचान दी। लखनऊ, कानपुर, झाँसी, आगरा और अलीगढ़ रक्षा उत्पादन केंद्र के रूप में उभरे।

2027 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनायेगी बीजेपी-पंकज चौधरी

लखनऊ, । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका संगठन, विचारधारा और देवतुल्य कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या, संघर्ष और समर्पण के बल पर ही भारतीय जनता पार्टी आज देश की राजनीति को नई दिशा देने वाली सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है। श्री चौधरी ने कहा कि भगवान लक्ष्मण की ऐतिहासिक नगरी और लखनऊ में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति केवल एक औपचारिक संगठनात्मक बैठक नहीं है, बल्कि संगठन की शक्ति का मूल्यांकन करने, भविष्य की दिशा निर्धारित करने और नए संकल्प के साथ विजय का मार्ग प्रशस्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि आज हम सब यहां नई ऊर्जा, नए उत्साह और नए संकल्प के साथ एकत्र हुए हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनानी है।

दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है-तावड़े

लखनऊ, । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2027 का चुनाव केवल उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का चुनाव है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए कहा कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इसलिए उत्तर प्रदेश में भाजपा की बड़े अंतर से ऐतिहासिक विजय आवश्यक है।श्री तावड़े ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की रचना 'भेड़ और भेड़िये' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी नए रूप और वादों के साथ जनता के बीच जाने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसका वास्तविक चरित्र वही है, जिसे उत्तर प्रदेश की जनता वर्ष 2017 से पहले देख चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सपा सरकार के कार्यकाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, विकास तथा जनकल्याण के क्षेत्र में हुए कार्यों का अंतर जनता के सामने रखें। 2017 में विपक्ष की सरकार रहते हुए भाजपा ने अकेले 312 विधानसभा सीटें जीती थीं। आज केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के आधार पर ऐतिहासिक विजय को दोहराने का अवसर है।

घोटाले में 19 साल से फरार कोटेदार गिरफ्तार

लखनऊ।आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने बलिया के बहुचर्चित खाद्यान्न घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 साल से फरार चल रहे वांछित कोटेदार को गिरफ्तार कर लिया है। ईओडब्ल्यू टीम ने आज 30 अक्टूबर की सुबह 11 बजे बांसडीह, जनपद बलिया से आरोपी कोटेदार जलेश्वर राम पुत्र भगवान राम निवासी ग्राम श्रीपतिपुर थाना दोकटी, बलिया को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना दोकटी में मुकदमा अपराध संख्या 18/2006 दर्ज था। उसे विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट आजमगढ़ के समक्ष पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। यह मामला वित्तीय वर्ष 2002-05 के बीच का है। जनपद बलिया में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के तहत विकास खंड मुरलीछपरा के विभिन्न गांवों में क्षेत्र पंचायत अंश से नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, पटरी मरम्मत, संपर्क मार्ग पर मिट्टी कार्य, सीसी रोड और पुलिया निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित था।

डीजी जेल ने की सभी रेंज के डीआईजी के साथ की समीक्षा बैठक

लखनऊ।कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश में व्यवस्थाओं को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए आज शुक्रवार 30 अक्टूबर को बड़ी समीक्षा बैठक हुई। महानिदेशक कारागार पीसी मीना की अध्यक्षता में कारागार मुख्यालय लखनऊ में समस्त परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक कारागार की बैठक आहूत की गई।बैठक में जेल प्रशासन से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। सबसे पहले जेलवार्डर संवर्ग के कार्मिकों की लंबे समय से लंबित अपीलों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही विभाग में विभिन्न पदों पर पदोन्नति की वर्तमान स्थिति और मानव संपदा पोर्टल पर अभिलेखों को अपडेट करने के काम की प्रगति देखी गई।महानिदेशक ने अधिकारियों से कहा कि जेलवार्डरों की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए और उनकी अपीलों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए, ताकि कर्मचारियों में संतोष और अनुशासन बना रहे।

यूपी में 11 पीसीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ।उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को 11 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। शासन से जारी आदेश के मुताबिक कई उपजिलाधिकारियों को अपर जिलाधिकारी और विशेष कार्याधिकारी के पदों पर नई तैनाती दी गई है। बदले गये अफसरों में राज बहादुर उपजिलाधिकारी हाथरस को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बुलंदशहर बनाया गया है। संजय कुमार यादव उपजिलाधिकारी लखनऊ को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ के पद पर भेजा गया है। दुर्गेश यादव उपजिलाधिकारी फतेहपुर को विशेष कार्याधिकारी, राहत आयुक्त कार्यालय बनाया गया है। शशि कुमार विशेष कार्याधिकारी राहत आयुक्त कार्यालय को उपजिलाधिकारी फतेहपुर के पद पर तैनात किया गया है। सुशील कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मथुरा को उपजिलाधिकारी फतेहपुर बनाया गया है। हेमन्त कुमार चौधरी, उपजिलाधिकारी पीलीभीत को विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पद पर नई जिम्मेदारी दी गई है। मांधाता प्रताप सिंह, विशेष कार्याधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपजिलाधिकारी पीलीभीत बनाया गया है। मयंक गोस्वामी, उपजिलाधिकारी पीलीभीत को बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी), चकबंदी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है। अजय कुमार, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) चकबंदी मुख्यालय लखनऊ को उपजिलाधिकारी पीलीभीत बनाया गया है। अमित कुमार-2, प्रधान प्रबंधक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रायबरेली बनाया गया है। अशोक कुमार गुप्ता, स्थानांतरणाधीन अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रायबरेली को प्रधान प्रबंधक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के पद पर तैनात किया गया है।

देश का सबसे बड़ा एम्यूजमेंट पार्क लखनऊ में बनेगा टूरिस्टों को मस्ती के साथ शॉपिंग का भी मौका

लखनऊ। लखनऊ देश के बड़े पर्यटन केंद्रों में शामिल होगा। एलडीए की प्रबंध नगर योजना में 795 एकड़ जमीन पर देश का सबसे बड़ा एम्यूजमेंट पार्क विकसित करने का प्लान है। रोमांचक झूलों और रोलर कोस्टर से लेकर वॉटर पार्क, आर्टिफिशल स्नो वर्ल्ड, रिजॉर्ट, शॉपिंग प्लाजा और कॉन्सर्ट एरिना तक बनना है।केरल की एक संस्था ने एलडीए उपाध्यक्ष के सामने इसका 3डी मॉडल और लेआउट प्रस्तुत किया है। अब दो नवंबर को होने वाली एलडीए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। बोर्ड से सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने और ग्लोबल टेंडर की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। हालांकि अभी निर्माण शुरू होने और पार्क के तैयार होने की समयसीमा तय नहीं है। पार्क का क्षेत्रफल 795 एकड़ होगा। 330 एकड़ में फैला मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर खोपोली इमेजिका थीम पार्क अभी देश का सबसे बड़ा पार्क है। लखनऊ का प्रस्तावित पार्क उससे 2.4 गुना बड़ा होगा। परियोजना पीपीपी मॉडल पर प्रस्तावित है। एलडीए जमीन उपलब्ध कराएगा निजी कंपनी निवेश करके पार्क का निर्माण और संचालन करेगी। परियोजना पर 1500 से 2000 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। एम्यूजमेंट पार्क विकसित करने की योजना को लेकर नियोजन संबंधी सवाल है। एलडीए का तर्क है कि आवासीय गतिविधियों के बजाय मनोरंजन और हरियाली को बढ़ावा देने वाला विकास किया जा सकता है। वीसी प्रथमेश कुमार के मुताबिक पार्क के 40 प्रतिशत हिस्से में हरियाली, थीम गार्डन और वॉटर बॉडी विकसित करने का प्रस्ताव है। केरल की संस्था ने प्रेजेंटेशन दिया है जिसने कोच्चि और बेंगलुरु में वंडरला जैसा वर्ल्ड क्लास पार्क बनाया है। पहला जोन थीम एम्यूजमेट पार्क रू इसमें भारत का सबसे बड़ा रोलर कोस्टर, रिवर्स लूपिंग कोस्टर, जॉइंट वेल, 100 फुट ऊंचा ड्रॉप टावर और वर्चुअल रियलिटी शो जैसे आकर्षण विकसित किए जा सकते हैं।

सरकार अपने चहेतों को दे रही सरकारी नौकरीः चंद्रशेखर

लखनऊ। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि जनता इस बार भाजपा को सबक सिखाने के मूड में है। सरकार अपने चहेतों को सरकारी नौकरी दे रही है। प्रदेश में हर सरकारी नौकरी की भर्ती में घोटाले का आरोप लग रहा है। सांसद ने आज लखनऊ में अमित शाह के दौरे को लेकर भी तंज किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थिति इस समय प्रदेश में ठीक नहीं है, इसलिए बैठक हो रही है। चंद्रशेखर शुक्रवार को कैसरबाग स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी की लीगल सेल की ओर से तीसरे अधिवक्ता सम्मेलन में शामिल हुए। गृह मंत्री अमित शाह के आज लखनऊ दौरे पर हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। उनके बैठक को लेकर चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा को बैठक करनी चाहिए, क्योंकि उनकी पार्टी की स्थिति ठीक नहीं है।



लोकसभा विधान परिषद के बाद अब विधानसभा में भाजपा की हार तय

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में भाजपा लोकसभा विधान परिषद चुनाव हारी अब विधानसभा चुनाव की बारी है, उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इन्हें हटाने का संकल्प ले चुकी है। चुनाव में इनकी बेईमानी को जनता देख रही है। निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी आयोग की है,इसके बावजूद मतगणना में जान बूझकर अफसरों द्वारा बिलम्ब किया गया। महिला आरक्षण और यूजीसी के सवाल पर श्री यादव ने कहा कि भाजपा पर अब भरोसा नहीं रह गया,संसद में बिल पारित होने के बाद महिला आरक्षण कानून नहीं लागू किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा षडयंत्र करके विधान परिषद चुनाव जीतना चाहती थी। कई जिलों में जहां भाजपा की सेटिंग हो गयी वहां पर 90 फीसदी तक वोट डलवाया। लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं और प्रत्याशियों ने मतदाताओं के सहयोग और साथ से भाजपा की साजिशों को नाकाम कर दिया। यह जनादेश भाजपा की शिक्षा और शिक्षक विरोधी नीतियों और फैसलों के खिलाफ है। भाजपा सरकार ने शिक्षा और परीक्षा की दुर्दशा कर रही। इसने 26 हजार प्राइमरी स्कूल बंद कर दिए। शिक्षकों की नौकरी कम कर दी। इस सरकार में 20 से ज्यादा परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। जानबूझ कर पेपर लीक कराए। यह पेपर लीक कराने वाली सरकार है। शुक्रवार को समावादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने 26 हजार प्राइमरी स्कल बंद कर दिए, प्रदेश में 27 हजार शराब के ठेके खुलवा दिए, इसीलिए विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक चुनाव में बड़े पैमाने पर महिलाओं ने भाजपा के विरोध में मतदान करके उसे हराया है, महिला शिक्षकों ने भाजपा के खिलाफ शतप्रतिशत मतदान किया। महिला शिक्षक देख रहीं हैं, प्राइमरी स्कूल बंद हो रहे हैं। बेटियां कहां पढ़ने जाएंगी। समाजवादी पार्टी ने शिक्षकों के बीच जो बात रखी है और जो वादे किए हैं वह शिक्षकों का बुनियादी मुद्दा है। समाजवादी सरकार बनने पर केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने सरकारी नौकरियों में 11 हजार से ज्यादा आरक्षित पदों को लूटा है। पूरे प्रदेश में बाबा साहब डा. अम्बेडकर की 151 प्रतिमाएं तोड़ी गयी हैं, इनमें कोई कारवाई नहीं हुई। प्रदेश की आस्थावान जनता रामधन की चोरी नहीं भूल सकती है। काशी में मणिकर्णिका घाट का तोड़फोड़ और तहस-नहस को कौन भूल सकता है, वाराणसी में भाजपा की डबल इंजन की डबल हार हुई है, अब अंदर की फूट और उजागर होगी, भाजपा में भगदड़ मचेगी। अब भाजपा की टिकट वाली खिड़की खाली दिखाई देगी। विधान परिषद सदन में समाजवादी पार्टी की गिनती बढ़ रही है। अब सदन में सपा की संख्या ज्यादा दिखाई देगी। एक बार राजनीतिक दल का ग्राफ जब ऊपर जाने लगता है, तब नीचे नहीं जाता है। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की रिकॉर्ड जीत होने जा रही हैं। विधान परिषद की इस जीत के बाद समाजवादी पार्टी के नेता और ज्यादा धैर्य, संयम, अनुशासन में रहकर भाजपा का मुकाबला करेंगे। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में सबसे अच्छा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस बनाया गया। आज उसी की नकल पर सड़के बनायी जा रही हैं। संसदीय कार्यमंत्री ने उसी एक्सप्रेस वे को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। सपा सरकार में कन्नौज में परफ्यूमरी पार्क बनाया गया। आलू की मंडी बनायी गयी। यह सरकार किसानों को आलू की कीमत नहीं दे पा रही है। मंडी बर्बाद कर दिया। यूपी का पहला काऊ मिल्क प्लांट बनाया था उसे भी बंद कर दिया। यूपी को बर्बाद कर दिया। आठ सौ करोड़ की जेपीएनआईसी बेच दी। भाजपा ने अपने नेताओं के सम्मान में कोई काम नहीं किया। केवल नाम बदला है। जनता जानती है कि उनकी बुद्धी कितनी है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में यूपी में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स सेन्टर बनायेंगे जिससे यह वर्ल्डक्लास के खिलाड़ी निकले। श्री यादव ने कहा कि भजापा झूठ बोलने वाली पार्टी है। महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास हो चुका है उसके बाद भी भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं को भेज कर विरोध करा रहे थे। भाजपा से ज्यादा झूठ कोई नहीं बोल सकता। जो लोग राम धन की चोरी कर सकते है। उनसे क्या उम्मीद की जा सकती है? इस अवसर पर नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव, डॉ. मान सिंह यादव, डॉ. आकाश अग्रवाल, श्रीमती कांती सिंह, आशुतोष सिन्हा और फैजाबाद-गोरखपुर शिक्षक क्षेत्र से प्रत्याशी संजयन त्रिपाठी उपस्थित रहे।

चुनाव में बेईमानी के लिए मतगणना में विलम्ब किया गया

